ST. MARY'S ENGLISH SCHOOL
SHEIKHPURA ROAD, BARBIGHA (SHEIKHPURA) BIHAR- 811101
AFFILIATED TO C.B.S.E (NEW DELHI), AFFI. NO:- 330509, SCHOOL CODE- 65518
Website- www.stmarysbarbigha.edu.in e-mail- stmarysbarbigha2003@gmail.com

ACADEMIC CIRCULAR

Ref. No.- **SMES/2021-22/02**

DATE- **11-06-2021**

आदरणीय अभिभावकगण एवं प्रिय छात्र/छात्रायें,

उम्मीद करता हूँ कि इस कोरोना काल में आपलोग स्वस्थ होंगें। आपको मालूम हो कि अभी फिलहाल विद्यालय खुलने का कोई उम्मीद नहीं दिख रहा है। इससे लगता है कि हमारा विद्यालय बच्चों के शैक्षणिक हितो को ध्यान में रखते हुए लाईव क्लास चलाने के लिए जो निर्णय लिया वो सही है। आज इस कोरोना काल में भी विद्यालय उसी तरह से क्लास दे रही है जैसे ऑफलाईन में क्लास में पढ़ते थे। अभी तक हमारे शिक्षक अपने-अपने विषयों की कुछ लेशन की पढ़ाई पूरी कर संबंधित क्यूश्चंन का एंसर भी दे चूके है। हमारे एकेडिमिक कैलेंडर के अनुसार पीरियोडिक टेस्ट- 1 की परीक्षा 12 जुलाई से 20 जुलाई निर्धारित है। विद्यार्थी को मालूम हो कि आगे क्लास में परमोट होने के लिए परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है इसलिए आप अपना जून महीने तक का स्कूल फी जमा करना सुनिश्चित करें ताकि आपका परीक्षा ससमय संचालित हो सके। ज्ञातव्य हो कि इस बार सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा कोरोना के बढ़ते संक्रमण के कारण रद्द कर दी गई है और उसके रिजल्ट बच्चों के एकेडमिक रिजल्ट के आधार पर तैयार करने की जिम्मेदारी विद्यालय के प्रधान को दी गई थी। इसलिए आप किसी भी स्थिति में परीक्षा में शामिल अवश्य हो ताकि आने वाले समय में यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो आपका रिजल्ट एकेडमिक परीक्षा न देने कारण प्रभावित न हो सके।

परीक्षा से पहले कॉपी चेकिंग भी होगा क्या?

जी हाँ! परीक्षा से पहले कॉपी चेकिंग भी होगा। कॉपी चेकिंग 14 जून 2021 से शुरु होकर 22 जून 2021 दोपहर 12 बजे तक चलेंगें। अभिभावकों से निवेदन है कि आप अपने बच्चे का कॉपी (प्रत्येक कॉपी में बच्चे का नाम, क्लास, सेक्शन एवं रौल नम्बर स्पष्ट लिखा होना चाहिए) निर्धारित तिथि के अंदर सुबह 8 बजे से 12 बजे तक जमा कर जाँचोपरांत उसे वापस ले जाएगें।

नोट- अभिभावक से निवेदन है कि वे कॉपी जमा करते समय एवं रिसिव करते समय संख्या अवश्य मिला लें। बाद में कॉपी कम मिलने जैसी शिकायत को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

परीक्षा कैसे होगी?

पीरियोडिक टेस्ट-1 की परीक्षा के लिए विद्यालय की ओर से 12 जुलाई 2021 से 20 जुलाई 2021 के बीच समय सुबह 8 बजे से 12 बजे तक क्यूश्चन व एंसर शीट लिफाफे के अंदर दी जाएगी। आप सभी विषय के क्यूश्चन का एंसर उसी एंसर शीट में साफ-साफ अक्षरों में लिखकर 26 जुलाई 2021 दोपहर 12 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करेंगें। निर्धारित तिथि के बाद आपके एंसर शीट वर विचार नहीं किया जाएगा इसके लिए आप स्वयं जिम्मेबार होंगें।

ST. MARY'S ENGLISH SCHOOL Affiliated to CBSE AFF. No. 330509 BARBIGHA (SHEIKHPURA)

11/6/21
Principal
ST. MARY'S ENGLISH SCHOOL
Barbigha (Sheikhpura) 811101
Affiliated to C.B.S.E Affi. No. 330509

नोट– अभिभावक को मालूम हो कि परीक्षा आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य होता है कि बच्चों के विकास की जानकारी उनके विषयबार शिक्षको एवं प्राचार्य को मिल सके और बच्चों के द्वारा किए गलती को सुधारा जा सके। कोरोना महामारी के कारण पीरियोडिक टेस्ट– 1 की परीक्षा घर पर आपके (अभिभावक) निगरानी में आयोजित होगी, इसलिए आप पूरी जिम्मेदारी के साथ एक वीक्षक (इनविजिलेटर) का रोल अदा करें अर्थात बच्चे किसी तरह चिटिंग न करें इसका पूरा ख्याल रखें। इससे बच्चो का सही–सही आकलन किया जा सकता है।

परीक्षा का पैटर्न कैसा होगा?

पीरियोडिक टेस्ट– 1 कुल 20 अंको की परीक्षा होगी। जिसमें 10 ऑब्जेक्टिव क्यूश्चन होंगें जिसके लिए 10 नंबर निर्धारित होंगें बाकी 10 नंबर का सब्जेक्टिव क्यूश्चन होंगें।

पीरियोडिक टेस्ट– 1 का रिजल्ट कब प्रकाशित किया जाएगा?

पीरियोडिक टेस्ट– 1 का रिजल्ट अगस्त के द्वितीय सप्ताह में प्रकाशित किया जाएगा। रिजल्ट देखने के लिए लिंक **https://exam.stmarysbarbigha.edu.in/** पर क्लिक करेंगें। लौगिन आईडी में अपना एडमिशन नम्बर और पासवर्ड में एडमिशन नम्बर लगातार बिना स्पेस का दो बार टाइप करें कैप्चा को देखकर बॉक्स में टाइप कर लौगिन कर पीरियोडिक टेस्ट का रिजल्ट प्राप्त कर सकते हैं

ST. MARY'S ENGLISH SCHOOL Affiliated to CBSE AFF. No. 330509 BARBIGHA (SHEIKHPURA)

11/6/21
Principal

Principal
ST. MARY'S ENGLISH SCHOOL
Barbigha (Sheikhpura) 811101
Affiliated to C.B.S.E. Affi. No.. 330509